13. **चयन का आधार**:– **Senior Laboratory Technician** एवं **Laboratory Technician** के लिए चयन का आधार निम्नवत् निर्धारित किया जाता है –

i) अभ्यर्थियों का चयन कोटिवार रिक्ति के अनुसार Computer Based Test (CBT) में प्राप्तांक एवं कार्यानुभव प्राप्तांक के आधार पर निर्मित्त मेधासूची के अनुसार निम्नवत् किया जायेगा –

| | | |
|---|---|---|
| (a) | लिखित प्रतियोगिता परीक्षा (Computer Based Test) के अंकों का अधिभार (Weightage)<br><br>**नोट** : अभ्यर्थी द्वारा 75 अंकों की CBT प्रतियोगिता परीक्षा के **प्राप्तांक प्रतिशत** को 0.8 के गुणक से गुणा करके अवधारित किया जायेगा।<br><br>उदाहरणस्वरूप, यदि किसी अभ्यर्थी को CBT प्रतियोगिता परीक्षा में कुल 50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ हो, तो उसके प्रतियोगिता परीक्षा के अधिभार (Weightage) अंकों की गणना 50 X 0.8 के हिसाब से करते हुए 40 अंक दिये जायेंगे। | 80 अंक |
| (b) | कोरोना वायरस (COVID-19) के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु आकस्मिक एवं अस्थायी व्यवस्था के तहत पूर्णतः औपबंधिक रूप से रखे गये लैब तकनीशियन के पद पर कार्यानुभव के लिए प्रतिवर्ष 5 अंक, अधिकतम 20 अंक (किसी वर्ष के अंश के लिए कार्यदिवसों की संख्या में 05 से गुणा करने के पश्चात् 365 से भाग देकर प्राप्त अनुपातिक अंक जोड़ा जायेगा)। | 20 अंक |
| | **कुल** | **100 अंक** |

ii) प्रतियोगिता परीक्षा का प्रश्न–पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में कुल 75 अंकों का होगा, जिसमें बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकृति के कुल 75 प्रश्न होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा।

iii) परीक्षा में गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंकन (Negative Marking) लागू होगा, जिसमें प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 0.25 अंक काटा जाएगा।

iv) परीक्षा का पाठ्यक्रम राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के अधिकृत वेबसाईट पर अलग से प्रकाशित किया जाएगा।

v) परीक्षा की अवधि 75 मिनट (1 घंटा 15 मिनट) की होगी तथा अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में उक्त परीक्षा का आयोजन एक से अधिक पालियों में किया जा सकता है। एक से अधिक पालियों में परीक्षा आयोजित किए जाने की स्थिति में परीक्षा परिणाम, समानीकरण (Normalization) की प्रक्रिया अपनाते हुए तैयार किया जाएगा।

vi) CBT में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को कोटिवार रिक्ति के अनुसार मेधा क्रम में अधिकतम 1:2.5 के अनुपात में प्रमाण–पत्र सत्यापन हेतु आमंत्रित किया जा सकता है। प्रमाण–पत्र सत्यापन में सफल अभ्यर्थियों का कोटिवार रिक्ति एवं लागू आरक्षण नियमों के आधार पर अंतिम मेधा सूची निर्धारित की जायेगी।

vii) **मेधा सूची हेतु प्राप्तांक का प्रतिशत दशमलव के बाद अधिकतम दो अंकों तक लिया जाएगा।**

14. **Computer Based Test (CBT) में उत्तीर्णता हेतु न्यूनतम अर्हतांक**: का० एवं प्र० सु० विभाग, बिहार के संकल्प सं० 2374 दिनांक 16.07.2007 एवं 962 दिनांक 22.01.2021 के आलोक में सामान्य वर्ग के लिए 40%, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5%, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए 34% एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, महिलाओं तथा दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 32% न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

15. **कार्यानुभव** :– उपर्युक्त कंडिका– 13 में अंकित चयन का आधार हेतु उपस्थापित किये जाने वाला **कार्यानुभव प्रमाण–पत्र** सक्षम प्राधिकार (संबंधित जिला स्वास्थ्य समिति के सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव/संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के अधीक्षक) के स्तर से निर्गत होने की स्थिति में ही मान्य होगा। अन्य स्तर से निर्गत कार्यानुभव प्रमाण–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सिनियर लैब तकनीशियन पद** हेतु कार्यानुभव प्रमाण–पत्र में आवश्यक कार्य अनुभव का उल्लेख स्पष्ट रूप से पृष्ठ 01 के तालिका के अनुरूप अंकित होना अनिवार्य है। प्रमाण–पत्र सत्यापन के क्रम में कार्यानुभव प्रमाण–पत्र की वैद्यता के संबंध में अंतिम निर्णय राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार का होगा।